Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 7

Total No. of Questions : 26

# पूर्वमध्यमा प्रथमखण्ड

## विषय कोड : 524

## सामाजिक विज्ञान

## षष्ठम्—सी.बी.एस.सी प्रश्नपत्र

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक : 100

निर्देश : (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्नपत्र दो खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब' में विभाजित है।

(3) खण्ड 'अ' में प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

(4) खण्ड 'ब' में प्रश्न क्रमांक 6 से 26 में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं ?

(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। (शब्द-सीमा 30 शब्द)

(6) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। (शब्द-सीमा लगभग 50-75 शब्द)

(7) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। (शब्द-सीमा लगभग 75 से 120 शब्द)

(8) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। (शब्द-सीमा 120 से 150 शब्द तक)।

### खण्ड 'अ'

1. सही विकल्प चुनकर लिखिये : 5×1=5

(*i*) शोर मापने की इकाई है :

(अ) सेण्टीमीटर (ब) डेसीबल

(स) सेल्सियस (द) मिलीबार



106

(*ii*) भारत में कितने राज्य हैं ?

(अ) 15 (ब) 20

(स) 29 (द) 27

(*iii*) कौनसा नगर सिन्धु सभ्यता से संबंधित **नहीं** है ?

(अ) मोहनजोदड़ो (ब) कालीबंगा

(स) लोथल (द) पाटलिपुत्र

(*iv*) "प्रजातंत्र जनता का, जनता के लिये, जनता द्वारा संचालित शासन है।" यह कथन किसका है ?

(अ) मैकियावेली (ब) रूसो

(स) लिंकन (द) हाट्स

(*v*) सिंचाई सुविधायें बढ़ाने के लिये किस शासक ने नहरें प्रमुखता से बनवाईं ?

(अ) मोहम्मद तुगलक (ब) अकबर

(स) शाहजहाँ (द) हुमायूँ

2. सही जोड़ी बनाइये : $5 \times 1 = 5$

| | |
|---|---|
| (अ) मताधिकार | (*i*) प्रधान मंत्री |
| (ब) अन्नपूर्णा योजना | (*ii*) सबसे तेजी से बढ़ता उद्योग |
| (स) सूचना एवं प्रौद्योगिकी | (*iii*) 1 अप्रैल 2000 |
| (द) खाद्यान्न अन्त्योदय अन्न योजना | (*iv*) 18 वर्ष |
| (इ) बहुमत प्राप्त दल का नेता (केन्द्र में) | (*v*) 25 दिसंबर 2000 |
| | (*vi*) मुख्यमंत्री |

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : 5×1=5

(अ) साइलेण्ट वेली ..................... राज्य का छोटा-सा वन क्षेत्र है।

(ब) ................. भारत को दो बराबर भागों में बाँटती है।

(स) जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में ................. स्थान है।

(द) बौद्ध धर्म के संस्थापक .................... थे।

(इ) अरस्तू ने प्रजातंत्र को ................... का शासन कहा है।

4. एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर दीजिये : 5×1=5

(अ) नर्मदा नदी किस प्रदेश से निकलती है ?

(ब) ऐसे वन जो एक ऋतु विशेष में अपने पत्ते गिरा देते हैं।

(स) ताजमहल किसने बनवाया था ?

(द) बहुमत प्राप्त न करने वाले राजनैतिक दल ?

(इ) मौलिक अधिकारों का संरक्षण कौन करता है ?

5. सत्य/असत्य चुनिए : 5×1=5

(अ) ग्रीष्म ऋतु में उत्तर भारत में चलने वाली हवा को लू कहते हैं।

(ब) जो वनस्पति मूल रूप से भारतीय नहीं है, उसे देशज वनस्पति कहते हैं।

(स) शिवाजी की माता का नाम जीजाबाई था।

(द) कव्वाली का जनक अमीर खुसरो था।

(इ) संविधान में नागरिकों को 8 मौलिक अधिकार प्राप्त हैं।



108

## खण्ड 'ब'

### अति लघुउत्तरीय प्रश्न

6. भारत को किन-किन नामों से जाना जाता है ? 2

**अथवा**

भारत में कितने राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश हैं ?

7. अरब सागर में गिरने वाली **दो** नदियों के नाम लिखिये। 2

**अथवा**

नदी अपहरण से क्या तात्पर्य है ?

8. वन किसे कहते हैं ? 2

**अथवा**

देशज और विदेशज वनस्पति से क्या आशय है ?

9. वेदों की संख्या एवं उनके नाम लिखिये। 2

**अथवा**

विक्रम संवत किसने चलाया था ?

10. भारत के समक्ष उपस्थित प्रमुख आर्थिक समस्याएँ कौन-कौनसी हैं ? 2

**अथवा**

गरीबी के लिये उत्तरदायी सामाजिक कारण लिखिये।

### लघु उत्तरीय प्रश्न

11. अतिचारण क्या है ? इसके प्रमुख दुष्प्रभाव कौन-कौनसे हैं ? 3

109

**अथवा**

बड़े बाँधों का निर्माण पर्यावरण की दृष्टि से किस प्रकार हानिकारक है ?

12. चिपको आन्दोलन क्या है ? इसका प्रारम्भ कैसे हुआ ? 3

**अथवा**

साइलेण्ट वैली पर टिप्पणी लिखिये।

13. कलिंग युद्ध का भारतीय इतिहास में क्या महत्व है ? 3

**अथवा**

अशोक के धम्म को समझाकर उसकी विशेषतायें लिखिये।

14. समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन क्यों कहा जाता है ? 3

**अथवा**

मोहनजोदड़ो और हड़प्पा नगर की खोज कब और किसने की ?

15. जनसंख्या वृद्धि के कारण होने वाली कोई **चार** समस्याएँ लिखिये। 4

**अथवा**

भारत में लिंगानुपात की दर में निरन्तर कमी आने के क्या कारण हैं ?

16. अलाउद्दीन खिलजी की बाजार व्यवस्था का वर्णन कीजिये। 4

**अथवा**

पृथ्वीराज चौहान का भारतीय इतिहास में क्या योगदान है ?

17. अशोक के स्तम्भ पर टिप्पणी लिखिये। 4

**अथवा**

सिन्धु सभ्यता के वास्तु शिल्प की विशेषतायें लिखिये।

110

18. नागर शैली एवं द्रविड़ शैली के मंदिरों में क्या अन्तर है ? लिखिये। 4

**अथवा**

मथुरा कला और गांधार कला में अन्तर लिखिये।

19. प्रजातंत्र के लिये संविधान क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिये। 4

**अथवा**

प्रजातंत्र का अर्थ लिखकर कोई **दो** परिभाषायें लिखिये। अप्रत्यक्ष प्रजातंत्र को स्पष्ट कीजिये।

20. निर्वाचन से क्या आशय है ? निर्वाचन आयोग के कोई **तीन** कार्य लिखिये। 4

**अथवा**

भारतीय राजनीति में विपक्षी दलों की भूमिका का महत्व लिखिये।

21. रोजगार गारण्टी कार्यक्रम 2005 की प्रमुख विशेषतायें लिखिये। 4

**अथवा**

भारत में चर्म उद्योग में किन-किन वस्तुओं का निर्माण होता है ?

22. भारत के दिये गये सीमाकार मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइये : 5

(अ) कर्क रेखा

(ब) अरब सागर

(स) नर्मदा नदी

(द) मुंबई

(इ) बंगाल की खाड़ी।

**अथवा**

निम्नलिखित को रूढ़ चिन्ह द्वारा दर्शाइए : 5

(अ) पक्की सड़क

(ब) मंदिर

(स) नदी

(द) बड़ी रेल लाइन

(य) उद्यान।

23. अकबर की धार्मिक एवं राजपूत नीति का वर्णन कर इसके परिणाम लिखिये। 5

**अथवा**

मुगल साम्राज्य के पतन के लिये उत्तरदायी किन्हीं **पाँच** कारणों का वर्णन कीजिये।

24. एक आदर्श ग्राम की कोई **पाँच** विशेषतायें लिखिये। 5

**अथवा**

जनसंख्या का गाँव से शहरों की ओर पलायन करने के क्या कारण थे ?

25. संविधान में वर्णित कोई **पाँच** मौलिक कर्त्तव्य लिखिये। 5

**अथवा**

भारतीय संविधान द्वारा हमें कितने मौलिक अधिकार प्राप्त हैं ? लिखिये।

26. खरीफ और रबी की फसल में अन्तर स्पष्ट कीजिये। 5

**अथवा**

सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है ? इसके मुख्य अंग कौन-कौनसे हैं ?

112